राकेश दोले/ मनोज कुमार शर्मा / शुभंकर 20/02/2025

प्रसार भारती

(भारत का लोक सेवा प्रसारक)

प्रादेशिक समाचार एकाश

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

मॉनिटरिंग - राकेश दोले

Signature Tune

नमस्कार! प्रादेशिक समाचार के साथ मैं, मनोज कुमार शर्मा

अरुणाचल प्रदेश आज अपना 39वां राज्य दिवस मना रहा है। आज ही के दिन 20 फरवरी, उन्नीस सौ सत्तासी को अरुणाचल एक पूर्ण राज्य के रूप मे स्थापित किया गया। मुख्य राजकीय समारोह ईटानगर स्थित आईजी पार्क में आयोजित किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में भाग लिया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू एवं मंत्रिपरिषद, सहित केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू एवं अन्य लोगों ने आज के समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश प्रकृति से भरपूर है, यह एक हरा-भरा राज्य है, जिसने अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के विपरीत कभी भी किसी भी तरह के विद्रोह में लिप्त नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि तिब्बत-चीन और म्यांमार के साथ संवेदनशील सीमाओं से जुड़े होने के कारण अरुणाचल प्रदेश रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान रखता है। राज्यपाल ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (नेफा) से केंद्र शासित प्रदेश और फिर पूर्ण राज्य में परिवर्तन ने

अरुणाचल प्रदेश को अधिक राजनीतिक स्वायत्तता प्रदान की है, जिससे राज्य को प्रगति और समृद्धि की बढ़ने का मौका दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश एक संसाधन संपन्न राज्य है और हर क्षेत्र में विकास की संभावना है। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न नीतियां बना रही है और उन्हें जमीनी स्तर पर लागू भी किया जा रहा।

**Byte-CM**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य ने पर्यटन के क्षेत्र में पहले की तुलना में बहुत प्रगति की है। राज्य की जलविद्युत क्षमता पर बोलते हुए श्री खांडू ने कहा कि आने वाले 10 वर्षों में अरुणाचल प्रदेश जलविद्युत क्षेत्र से हर साल 10 हजार करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करेगा।

0000000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के राज्य दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने दोनों राज्यों की “असाधारण प्राकृतिक विरासत और सांस्कृतिक परंपराओं” के लिए प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने कहा, **मैं अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के अद्भुत लोगों के लिए प्रगति और उत्कृष्टता के नए अध्याय लिखने की कामना करती हूं।** इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राज्य के लोगों को राज्य दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल पोस्ट में, प्रधान मंत्री ने कहा, **“अरुणाचल प्रदेश राज्य दिवस पर, राज्य के लोगों को मेरी शुभकामनाएं। अरुणाचल प्रदेश के लोग भारत के विकास में समृद्ध योगदान दे रहे हैं। राज्य की संस्कृति भी बहुत**

**प्रशंसनीय है, विशेष रूप से जीवंत आदिवासी परंपराएं और समृद्ध जैव विविधता। अरुणाचल प्रदेश आने वाले वर्षों तक समृद्ध रहे।"** गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और किरेन रिजिजू ने भी इस अवसर पर राज्यों के विकास और सांस्कृतिक जीवंतता की सराहना की।

00000000000000000000000

भाजपा की पहली बार विधायक बनी रेखा गुप्ता ने आज दोपहर राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने सुश्री गुप्ता को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। छह कैबिनेट मंत्रियों - प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कई केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। इस कार्यक्रम में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल हुए। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री और दिल्ली की दूसरी महिला भाजपा मुख्यमंत्री बन गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वह जमीनी स्तर से उठकर आई हैं। वह कैंपस की राजनीति, राज्य संगठन, नगर निगम प्रशासन और अब विधायक के साथ-साथ मुख्यमंत्री भी हैं। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि रेखा गुप्ता पूरी ताकत से दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगी। इधर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी अपने सोशल मिडिया पोस्ट के माध्यम

से दिल्ली के नए मुख्यमंत्री बनने पर रेखा गुप्ता को बधाई एवं शुभकमनएं देते हुए विकसित भारत के साझा दृष्टिकोण की प्राप्ति के लिए दोनों राज्यों के बीच सहयोग को मजबूत करने की आशा व्यक्त की।

0000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के वेस्ट कामेंग, क्रा-दादी, कामले, लोअर सुबनसिरी, पापुमपारे, दिबांग वैली और अंजाव, जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बिजली गिरने और बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया हैं।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पायलट चरण के दूसरे दौर के शुभारंभ के साथ एक बार फिर आवेदन के लिए खुल गई है। पहले राउंड में छह लाख से अधिक आवेदनों के बाद, दूसरे राउंड में देश भर की शीर्ष कंपनियों में एक लाख से अधिक इंटर्नशिप के अवसर मिलते हैं। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने कहा, तेल, गैस और ऊर्जा, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं, यात्रा और आतिथ्य, ऑटोमोटिव और कई अन्य क्षेत्रों में 300 से अधिक कंपनियों ने युवाओं को अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए इंटर्नशिप के अवसर की पेशकश की है। राउंड दो में, प्रत्येक आवेदक अधिकतम तीन इंटर्नशिप आवेदन के लिए आवेदन कर सकता है। प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना देश की युवा आबादी को शीर्ष कंपनियों में 12 महीने की भुगतान वाली इंटर्नशिप प्रदान करके उनकी क्षमता का दोहन करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह योजना 21 से 24 वर्ष की आयु

के व्यक्तियों को लक्षित करती है जो वर्तमान में किसी भी पूर्णकालिक शैक्षणिक कार्यक्रम या रोजगार में नामांकित नहीं हैं। प्रत्येक प्रशिक्षु को पांच हजार रुपये की मासिक वित्तीय सहायता के साथ छह हजार रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी।

0000000000000000000000

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ नमस्कार!